जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2016/1553 दिनांकः 23 अगस्त, 2016

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषयः– ऑफलाइन परीक्षा फार्म भरने की व्यवस्था समाप्त करने बावत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय में लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा समस्त परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा रहे है। यदि कोई छात्र निश्चित तिथि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर पाता है तो उसके लिये परीक्षा प्रारम्भ होने के तीन दिवस पूर्व तक विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र को ऑफलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अनुमति प्रदान नहीं की जाती है। क्योंकि समस्त परीक्षा का कार्य ऑनलाइन किया जा चुका है।

अतः अब ऑफलाइन परीक्षा फार्म भरने की व्यवस्था समाप्त की जाती है। छात्र का ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरवाने की जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। किसी भी परिस्थिति में छात्र का ऑफलाइन परीक्षा फार्म नहीं भरवाया जावेगा। प्राचार्य अपने महाविद्यालय के समस्त छात्रों का ऑनलाइन परीक्षा फार्म निश्चित तिथि में भरवायें। यदि छात्र ऑनलाइन परीक्षा फार्म नहीं भर पाता है तो उसे किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में नहीं बैठाया जावे।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)